CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 65 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजोलिया - शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## बिजोलिया में फिर भारी बारिश , तिलस्वा में ऐरू नदी उफान पर, गांव में फिर हुआ जलभराव



बिजोलिया : तिलस्वा में बारिश के बाद भरा पानी



बिजोलिया : गगन विहारी मंदिर के नजदीक रेवा नदी उफान पर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

तिलस्वां महादेव क्षेत्र में भारी बारिश के बाद ऐरू नदी एक बार फिर उफान पर आ गई, जिससे गांव में एक बार फिर जगह जगह जलभराव जैसे हालात बन गए हैं। पिछले महीने 27 जुलाई को भी भारी बारिश के कारण गांव के घरों और मकानों में 3-4 फीट तक पानी घुस गया था। अब वैसा ही नजारा फिर से देखने को मिल रहा है। बिजौलिया में पिछले 24 घंटे में 166 मिमी (लगभग 6.5 इंच) बारिश दर्ज की गई है। स्थानीय निवासी कौशल शर्मा ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से गांव में पानी का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। एहतियातन प्रशासन ने तिलस्वां महादेव मंदिर पर मौजूद दर्शनार्थियों को सुरक्षित स्थान पर ही रुकने की सलाह दी है। गांव में ग्रामीण अपने सामान को सुरक्षित स्थान पर ले जाने में जुटे है । लगातार बारिश के चलते बिजौलिया के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। रेवा नदी, छाई बाई पुलिया और पलकी नदी की पुलिया ओवरफ्लो होकर बह रही हैं। वहीं पार्श्वनाथ मंदिर परिसर स्थित गगन विहारी मंदिर में भी पानी भर गया है। प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है।

## अवैध बजरी परिवहन करता ट्रेलर जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव )**- बड़लियास थाना व सवाईपुर चौकी पुलिस ने अवैध बजरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बजरी परिवहन करते ट्रेलर को जब्त किया । थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोपुरा ( कुड़ी ) के पास अवैध रूप से बजरी का परिवहन करते एक ट्रेलर को जब्त कर थाने में खड़ा करवाया है । इसकी सूचना माइनिंग विभाग को दी है । अग्रिम कार्रवाई माइनिंग विभाग द्वारा की जाएगी ।।

## पत्रकार को सोशल मीडिया पर धमकी, मांडल पुलिस ने दर्ज किया केस

### आईटी एक्ट सहित कई धाराओं में मामला, आरोपी की गिरफ्तारी जल्द

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

थाना क्षेत्र में एक पत्रकार को सोशल मीडिया पर धमकी देना युवक को महंगा पड़ गया। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि नेशनल न्यूज के जिला ब्यूरो हेड सुरेन्द्र कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे बताया गया है की राकेश तेली पुत्र कैलाश तेली ने व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक संदेश भेजकर पत्रकार को ÷फर्जी पत्रकार÷ कहा और सम्भलकर रहने की धमकी देते हुए संदेश अन्य लोगों को भी फॉरवर्ड कर छवि धूमिल करने का प्रयास किया। साथ ही सुरेंद्र पर दबाव बनाकर अनैतिक कार्यों में सहयोग करने की कोशिश का भी आरोप लगाया गया है। सागर ने धमकी भरे संदेशों से मानसिक प्रताड़ना और मान-सम्मान पर आघात पहुँचने की शिकायत की है है।



पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ आईटी एक्ट सहित धमकी और हमले की संभावनाओं को देखते हुए विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्रकरण की जांच रविन्द्र कुमार द्वारा की जा रही है ।

## काछोला पुलिस की बड़ी कार्रवाई : अवैध बजरी परिवहन पर शिकंजा



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

क्षेत्र में अवैध बजरी खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए थाना पुलिस लगातार सख्त कदम उठा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर कार्रवाई की। इस कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गश्त के दौरान संदिग्ध ट्रैक्टर को रोककर जांच की। जांच में ट्रॉली में बनास नदी से भरी गई अवैध बजरी पाई गई। पुलिस ने मौके पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने लाया।

थाना प्रभारी पचौरी ने बताया कि अवैध खनन और बजरी परिवहन पर पुलिस की पैनी नजर है। खनन माफियाओं को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। हेड कांस्टेबल रामेश्वर लाल सोनी ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर खनन विभाग को अवगत कराया है ।पुलिस मामले की जांच में जुटी है

## लाडपुरा में खेत से निकला 15 फीट लंबा अजगर, वन विभाग ने सुरक्षित जंगल में छोड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा**

**महावीर ।** कस्बे में उस समय सनसनी फैल गई जब एक किसान के खेत में 15 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। अचानक खेत में अजगर की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने फौरन वन विभाग को इसकी सूचना दी।


जानकारी के अनुसार, किसान श्यामलाल सोहनलाल बेरवा के खेत में पहुंचे अजगर ने नीलगाय के बच्चे को निगल लिया था। सूचना मिलते ही वनपाल लोकेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम नाकादार लक्ष्मण जांगिड़, बालू धाकड़, शंभू मीणा, कालू मीणा और भवानी शंकर शर्मा मौके पर पहुँची।

टीम ने सतर्कता के साथ अजगर को पकड़ने का अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित रूप से काबू में लिया गया और जंगल में छोड़ा गया।



## बीगोद जैन मंदिर में चोरी, लाखों के चांदी के आभूषण गायब

### जैन समाज में आक्रोश, पुलिस ने शुरू की जांच





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

कस्बे के दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर करीब 2 किलो चांदी के आभूषण जिसमें एक छत्र, पांच पंच मेरू और छह अष्ट प्रतिहार्य शामिल हैं, लेकर फरार हो गए। चोरी का पता गुरुवार सुबह तब हुआ जब श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे और मंदिर का ताला टूटा पाया। अंदर जाकर देखा तो आभूषण गायब थे। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर थानाधिकारी जय सुल्तान मय जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश जारी है। इस घटना से कस्बे में आक्रोश और श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल है।

## महिला से सोने का मांदलिया लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

थाना पुर व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए राह चलती महिला से लूटा गया सोने का रामनामी मांदलिया बरामद कर दो आरोपियों धर्मेन्द्र ओड उर्फ महेन्द्र और अशोक ओड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की। घटना 25 जुलाई को पांसल क्षेत्र में हुई थी, जब खेत जा रही खयाली देवी से दो नकाबपोश युवकों ने चाकू दिखाकर सोने का मांदलिया छीन लिया था और विरोध करने पर महिला को घायल कर दिया था। रिपोर्ट पर थाना पुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।



## लाडपुरा में जर्जर पीडब्ल्यूडी सर्विस रोड से ग्रामीण परेशान

### चार साल पहले हुई थी रिपेयरिंग, अब गड्ढों में तब्दील



**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा**

गांव की मुख्य सड़क एनएच-758 से जुड़ाव वाली पीडब्ल्यूडी सर्विस रोड इन दिनों बेहद खराब हालात में है। चार वर्ष पहले इस सड़क की रिपेयरिंग की गई थी, लेकिन रखरखाव समय पर नहीं होने और बारिश के चलते सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत पखवाड़ा और कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ। जर्जर सड़क के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है और आए दिन वाहन चालक हादसों के शिकार हो रहे हैं।

ग्रामवासियों ने शीघ्र नया रोड बनवाने की मांग की है, ताकि मुख्य मार्ग से आने-जाने में लोगों को राहत मिल सके।

# भगवान श्रीचारभुजानाथ दरबार में 1151 किलो शक्कर से बनेगा छप्पनभोग

### 31 अगस्त को होगा अर्पण, जलझूलन महोत्सव में भक्तों को मिलेगा प्रसाद

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल भगवान श्रीचारभुजानाथ कोटड़ी के दरबार में भक्तों के सहयोग से लगने वाले तृतीय विशाल छप्पनभोग आयोजन को लेकर गुरुवार को मांडल व सरसड़ी मठ के महंत दीपक पुरी महाराज व सर्वसमाज के पदाधिकारियों के हाथों से पंडित विष्णु शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ छप्पनभोग का भट्टी मुहूर्त किया गया। कोटड़ी में पहली बार 1151 किलो शक्कर से बनने वाला छप्पनभोग आगामी 31 अगस्त को प्रभु के समक्ष अर्पित किया जाएगा। वहीं पैकेट बनाकर जलझूलन महोत्सव के अवसर पर आने वाले भक्तों को वितरित किया जाएगा।

भट्टी मुहूर्त में महंत दीपक पुरी महाराज ने कहा कि भगवान के चरणों में लगने वाला छप्पनभोग आयोजन में भक्तों के सहयोग से भोग लगाने की पहल सराहनीय है। साथ ही उन्होंने कहा कि पुण्य का यह कार्य न केवल इस जन्म में बल्कि आने वाले भवों में भी फलदायी होता है। इसलिए अधिक से अधिक भक्तों को इस कार्यक्रम से जुड़ना चाहिए।

इस दौरान श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, गुर्जर समाज अध्यक्ष रामलाल गुर्जर, मुरलीधर काबरा, गोपाल गाडरी, ओमप्रकाश पालीवाल, श्यामसुंदर शर्मा, वीरेंद्र लोढ़ा, छीतरलाल माली, सोहनलाल बंडेला, बसंत सोनी, प्रभूलाल माली, प्रकाश जोशी, कन्हैयालाल अहीर, भगत गुजराती, कैलाश तेली सहित अनेक समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों में पहले वर्ष 551 किलो और दूसरे वर्ष 851 किलो शक्कर से छप्पनभोग तैयार किया गया था। वहीं इस बार तीसरी बार 1151 किलो शक्कर से प्रसाद बनाया जा रहा है।

आयोजन में सबसे अधिक सहयोग शिक्षकों से मिलने पर आयोजकों ने शिक्षक समुदाय का आभार जताया। वहीं राजस्थान के बाहर बैंकॉक, अहमदाबाद और अमेरिका के बोस्टन सहित अनेक स्थानों से भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।



## इंटेक हेरिटेज क्विज में 8 विद्यालयों के 80 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजेन्द्र मार्ग विद्यालय में इंटेक हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 8 विद्यालयों के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने देश, प्रदेश और जिले की धरोहरों व संस्कृति पर आधारित प्रश्नों में अपना ज्ञान दिखाया।

क्विज़ दो चरणों में हुई–पहले लिखित और फिर ओरल राउंड। इसमें माहेश्वरी पब्लिक स्कूल ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय आटूण की छात्राएं द्वितीय स्थान पर रहीं। विजेता टीम को जयपुर में होने वाली राज्य स्तरीय क्विज़ में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

आयोजन में इंटेक कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने युवाओं को धरोहरों के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य एवं शिक्षकों का सहयोग भी रहा।

# कुंडालिया वन क्षेत्र में अंधाधुंध पेड़ों की कटाई, ग्रामीणों में आक्रोश

### सरकार वृक्षारोपण पर खर्च कर रही लाखों, दूसरी ओर धड़ल्ले से हो रही लकड़ी की तस्करी

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)**

कुंडालिया वन क्षेत्र में खेरिया के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और लकड़ी की तस्करी को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए लाखों रुपये खर्च कर वृक्षारोपण अभियान चला रही है, वहीं वन क्षेत्र में खुलेआम वृक्षों का विनाश हो रहा है।



ग्रामीण शिवशंकर अहीर ने बताया कि पिछले दस वर्षों में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया था, लेकिन मात्र एक माह के भीतर कुंडालिया वन क्षेत्र तस्करों का अड्डा बन गया है। खेरिया की लकड़ी काटकर तस्कर उसे छिपाकर इकट्ठा कर रहे हैं। इस पर रोक लगाने और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## शाहपुरा में कलशयात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

नगर में श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ गुरुवार को कलशयात्रा के साथ हुआ। भाणा गणेश मंदिर से निकली कलशयात्रा बैंड-बाजों और भजनों के बीच विभिन्न मार्गों से होती हुई शिव शक्ति खटीक समाज धर्मशाला पहुँची। कथा वाचक जगतगुरु परमहंसाचार्य स्वामी दयानन्द सरस्वती महाराज कोठिया ने कथा प्रारंभ की। पहले दिन उन्होंने श्री शिव महापुराण की महत्ता और इसमें वर्णित शिव के विविध रूप, अवतार व भक्ति की व्याख्या की। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

## बीगोद में साध्वी डॉक्टर दर्शनप्रभा की गुणानुवाद सभा, सर्वधर्म समन्वय का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

श्रमण संघ की प्रसिद्ध महासाध्वी डॉ. दर्शनप्रभा जी महाराज के बेंगलुरु में 18 अगस्त को देवलोक गमन पर स्थानीय श्वेतांबर जैन मंदिर में संचेती परिवार की ओर से गुणानुवाद सभा आयोजित हुई। सभा में जैन समाज सहित माहेश्वरी, अग्रवाल व अन्य समाजों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जैन समाजसेवी दिनेश संचेती ने कहा कि साध्वी दर्शनप्रभा ने 51 वर्षों के संयम जीवन में अपनी सादगी, अनुशासन और तपोबल से जिनशासन की अद्भुत प्रभावना की। उन्होंने कई संत-साध्वियों का निर्माण कर श्रमण संघ को समृद्ध किया। उनके देवलोक गमन को जिनशासन की अपूरणीय क्षति बताया गया।



सभा में साध्वी मेघा श्री, महिमा श्री, समृद्धि श्री सहित उनके शिष्यों के योगदान का उल्लेख हुआ। विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि उनकी स्मृतियाँ सदैव जीवित रहेंगी।

इस अवसर पर रूपचंद जी महाराज की सातवीं पुण्यतिथि और शिक्षाविद कमला जैन की तीसरी पुण्यतिथि पर भी श्रद्धांजलि दी गई। अंत में संचेती परिवार ने आभार व्यक्त कर प्रसाद एवं प्रभावना कवर वितरित की।



## फैक्ट्री कर्मचारी पर हमले का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़**

पुर थाना क्षेत्र में साई सखी फैक्ट्री कर्मचारी पर हुए हमले का खुलासा करते हुए हमीरगढ़ थाना पुलिस ने चार आरोपियों दिनेश गुर्जर, जालम सिंह दरोगा, काना गुर्जर और शम्भुलाल गुर्जर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लोहे की रॉड भी जब्त की है। 23 जुलाई को संगम हाउस के पास नकाबपोश बदमाशों ने कर्मचारी पर लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई थी। सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान कर पकड़ा गया। पुलिस ने चारों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।



# जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में टेक बैडमिंटन एकेडमी के खिलाड़ियों का जलवा

## युवराज चांडक को तीन कैटेगरी में खिताब, सुशील वर्मा बने "प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट"

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

टेक बैडमिंटन अकादमी में 17 से 20 अगस्त तक आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

युवराज चांडक ने अपनी बेहतरीन खेल क्षमता दिखाते हुए -17, -19 और सीनियर वर्ग में खिताब जीता। वहीं लक्ष्यराज (-17), सिद्धार्थ (-19) और ऋतिक गंगवाल (सीनियर) उपविजेता रहे।

सीनियर मिश्रित युगल वर्ग में राजीव शर्मा व प्रीति सिंह की जोड़ी ने तीन कड़े सेटों में आराध्या टेलर व समय ढाका को हराकर विजेता स्थान हासिल किया। सीनियर डबल्स वरीयता में सुशील वर्मा एवं अभिनव बिश्नोई ने पहला स्थान पाया, जबकि राजीव शर्मा व अभिषेक शर्मा उपविजेता रहे।

वरिष्ठ वर्ग के मुकाबले भी आकर्षण का केंद्र रहे। 35+ एकल वर्ग में सुशील वर्मा ने रितेश श्रोत्रिय को



मात दी, जबकि 35+ डबल्स वर्ग में सुशील वर्मा व जलज मेहता ने रितेश श्रोत्रिय व अमित जागेटिया को हराया। सुशील वर्मा ने टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण पदक जीतकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब हासिल किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा तथा आयोजन समिति के सचिव अभिषेक शर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया।

# अधिवक्ताओं के हमले से तहसीलदारों में आक्रोश, प्रदेशभर में कामकाज ठप

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

लालसोट तहसीलदार पर अधिवक्ताओं के हमले के विरोध में गुरुवार को प्रदेशभर के तहसीलदार और उपपंजीयन अधिकारियों ने कार्य बहिष्कार किया। सावर तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव ने भी विरोध में कामकाज ठप रखा।

तहसील कार्यालयों में सन्नाटा छाया



रहा और ज़रूरी कार्य के लिए आए लोग मायूस लौटे। तहसीलदारों ने दोषियों की गिरफ्तारी, लापरवाह थानाधिकारी के निलंबन और अधिवक्ताओं के लाइसेंस रद्द करने की मांग रखी।

गौरतलब है कि 19 अगस्त को लालसोट तहसील में अधिवक्ताओं ने जबरन घुसकर तहसीलदार अमितेश मीणा व स्टाफ से मारपीट की थी और दस्तावेज़ों को नुकसान पहुँचाया था। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 22 अगस्त से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# कोटा के कार डीलर का अपहरण कर मारपीट, 20 लाख की फिरौती मांगी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुर थाना क्षेत्र के पांसल गांव में कोटा के एक कार डीलर का फिल्मी अंदाज में अपहरण कर बंधक बनाने, मारपीट करने और 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने सरपंच, उसके रिश्तेदारों और अन्य साथियों पर रुपए छीनने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

जानकारी के अनुसार, कोटा विज्ञाननगर निवासी तजीमुद्दीन पुत्र एनुद्दीन पठान, जो पुरानी कारों की खरीद-फरोख्त करता है, भीलवाड़ा ट्रांसपोर्ट मार्केट से हजारीखेड़ा स्थित पार्किंग यार्ड में कार देखने आया था। वह रास्ते में पांसल निवासी महावीर पंडित से मिलने पहुंचा। इसी दौरान पांसल सरपंच छोटूलाल जाट, उसका भाई, दो भांजे और उनके साथ मौजूद 4-5 लोगों ने तजीमुद्दीन पर हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट कर आरोपियों ने उसके पास रखे 2 लाख रुपये भी छीन लिए।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसे कार में डालकर मैगजीन खान ले जाकर जेसीबी मशीन पर रस्सियों से बांध दिया और लात-घूसों से मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उससे कहा कि ÷भाई को बुला, नहीं तो जान से मार देंगे। जिंदा बचना है तो 20 लाख रुपये का इंतजाम करना होगा।÷ तजीमुद्दीन के मुताबिक, मौके पर मौजूद कालू खां नामक व्यक्ति की जमानत पर शाम तक भाई को बुलाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया।

रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि महावीर जाट ने धमकी देते हुए कहा कि ÷हमारा मामा छोटू जाट सरपंच है और हमारे ऊपर पूर्व मंत्री रामलाल जाट का हाथ है, इसलिए पुलिस हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। पुर थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# देवखेड़ा में चारागाह दर्शन, ग्रामवासियों ने लिया विकास का संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

देवखेड़ा गांव में सुविचार अभियान के तहत चारागाह दर्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पुरुषों व महिलाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ रैली निकालकर चारागाह की परिक्रमा की और चारागाह विकास, गौ संरक्षण, जल संरक्षण व रसायनमुक्त खेती का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भूमि पूजन, वृक्ष पूजन और जल पूजन किया गया।



इस दौरान सुविचार जिला संयोजक गुदड़मल गुर्जर ने परंपरागत स्रोतों की ओर लौटने पर जोर दिया, वहीं सहसंयोजक परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने कहा कि चारागाह विकास से ही ग्राम विकास संभव है। एफ.ई.एस. के सुरेश पाराशर ने कहा कि सरकार भी चारागाह विकास पर विशेष ध्यान दे रही है, लेकिन इसके लिए जनभागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि आसाराम धाकड़, चारागाह समिति अध्यक्ष नंदू देवी भील सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शाहपुरा को हराकर फूलियाकला ने जीता नेहरू हॉकी का खिताब

## सुरास में 42वीं सब-जूनियर हॉकी प्रतियोगिता सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के सुरास गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को दो दिवसीय 42वीं सब-जूनियर नेहरू हॉकी 15 वर्ष छात्र खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में फूलियाकला ने शाहपुरा को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता में जिले की 10 टीमों ने हिस्सा लिया। पहले सेमीफाइनल में फूलिया कला ने गणपतिया खेड़ा को



1-0 से पराजित किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में शाहपुरा ने सवाईपुर को 2-0 से मात दी। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में गणपतिया खेड़ा ने सवाईपुर को 4-0 से हराया। बेस्ट प्लेयर का खिताब शाहपुरा के परमेश्वर कहार को मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि युवराज सिंह राणावत रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मौज देवी बलाई ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भैरूलाल सालवी, भैरूलाल गाडरी और सुरेश बघेर मौजूद रहे।

इस अवसर पर भामाशाहों का स्वागत-सत्कार किया गया। अंत में अतिथियों ने विजेता फूलिया कला, उपविजेता शाहपुरा और तृतीय स्थान प्राप्त गणपतिया खेड़ा की टीमों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

## QUICK BITES

### भविष्य स्कूल की बच्चियों ने योगासन में जीते मेडल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



मुस्कान फाउंडेशन द्वारा संचालित भविष्य स्कूल की 2 छात्राओं ने योगासन में जीते 2 गोल्ड मेडल भविष्य स्कूल की प्रिंसिपल दिव्य खोतानी ने बताया कि पंचवटी की कच्ची बस्तियों की बच्चियां जो कि मुस्कान के भविष्य स्कूल मैं पड़ती है। मुस्कान टीम मेंबर आशा रामचंदानी ने जो खुद एक योग प्रशिक्षक है , उन्होंने बच्चियों के हुनर को पहचाना ओर उन्हें कंपीटिशन के लिए तैयार किया ओर बच्चियों ने लग्न व मेहनत से योगासन में गोल्ड मेडल जीता जीतने वाली नारायणी बगारिया व शाइना बंजारा है । इन बच्चियों ने स्टेट लेवल के लिए क्वालीफाई किया।अब यह जोधपुर में खेलने जाएंगी

### ईरांस ग्राम में जंगली सुवर ने मक्का की फसल चौपट की

**भीलवाड़ा फोकस @ रायला**



क्षेत्र के ईरांस ग्राम पंचायत में किसानों की मक्का की खड़ी फसल को जंगली सुवरों ने भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में घुसे सुवरों ने कई बीघा क्षेत्र में फसल को उजाड़ दिया। इससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन जंगली सुवरों के झुंड खेतों में घुस जाते हैं, जिससे खेती करना मुश्किल हो गया है। किसानों ने वन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि जंगली सुवरों से फसलों को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### उमराह यात्रा से लौटे खुदा बख्श व शरीफन बानो, क्षेत्रवासियों ने किया स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**(रमेश चंद्र डाड)।** मक्का-मदीना की 22 दिवसीय उमराह जियारत यात्रा से लौटने पर मोहम्मद खुदा बख्श रंगरेज व उनकी पत्नी शरीफन बानो का क्षेत्रवासियों और परिजनों ने ढोल-नगाड़ों के बीच फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। खुदा बख्श रंगरेज ने बताया कि मक्का और मदीना की जियारत हर मुसलमान की बड़ी तमन्ना होती है, जिससे दिल को सुकून और ईमान ताजा होता है। उन्होंने देश और क्षेत्र में खुशहाली व अच्छी बारिश की दुआ मांगी। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे और लौटे जायरीनों को शुभकामनाएँ दीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# डॉ. संजीव शर्मा ने संभाली सीएमएचओ की कमान, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ का कार्यभार संभालने के बाद डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को टीम भावना के आधार पर और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आमजन तक राज्य सरकार की जनहितैषी स्वास्थ्य योजनाओं का अधिकाधिक लाभ पहुँचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। डॉ. शर्मा ने विशेष रूप से मौसमी बीमारियों की रोकथाम, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रमों और जनस्वास्थ्य अभियानों में बेहतर परिणाम लाने का संकल्प जताया। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (ग्रुप-2) के आदेशानुसार आरसीएचओ रहते हुए डॉ. शर्मा को गुरुवार को सीएमएचओ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। अब वे अपने नियमित दायित्वों के साथ जिले की संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कमान संभालेंगे। कार्यभार प्रपत्रों पर लेखाधिकारी एनएचएम प्रेम प्रकाश भांभी द्वारा हस्ताक्षर कराकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डीडीडब्ल्यूएच डॉ. अशोक खटवानी, डीटीओ डॉ. प्रदीप कटारिया, डीपीएम योगेश वैष्णव सहित कार्यालय के विभिन्न अधिकारियों एवं कार्मिकों ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएँ दीं।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई व सतर्कता समिति की बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। इसमें करीब 100 प्रकरणों की सुनवाई कर अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। मुख्य रूप से अतिक्रमण, रास्ते, पानी भराव, गंदगी, जल निकासी, राशन कार्ड व पुलिस संबंधी मामलों पर निर्देश जारी किए गए। कलेक्टर संधू ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत भी वीसी के माध्यम से जुड़े। इसके बाद आयोजित जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक में 4 प्रकरणों पर सुनवाई हुई और विभागों को अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के आदेश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव, एडीएम ओपी मेहरा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जावदा में 25 अगस्त से शुरू होगी 69वीं वृत्त स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

## कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल के साथ साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चौदह वर्षीय छात्र वर्ग की 69वीं वृत्त स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 28 अगस्त तक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, जावदा में किया जाएगा।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक स्तर के वे विद्यार्थी भाग ले सकेंगे जिनका जन्म 1 जनवरी 2012 या उसके बाद हुआ है। इसमें कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल जैसे खेलों के साथ साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। निजी विद्यालयों के विद्यार्थी भी इसमें हिस्सा लेंगे। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि आयोजन की सफलता के लिए ब्लॉक के लगभग डेढ़ दर्जन शारीरिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर कार्यालय से भी कार्मिकों की नियुक्ति की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए शारीरिक शिक्षक शोहराब हुसैन को मुख्य निर्णायक व तकनीकी सलाहकार बनाया गया है।




# तानिया मीणा ने स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दिखाया दमखम

## तीन इवेंट्स में पहला स्थान हासिल कर विद्यालय व गांव का नाम किया रोशन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से सफलता की नई मिसाल पेश करते हुए विक्रमपुरा की होनहार छात्रा तानिया मीणा ने द्विव्यांग पैरा स्पोर्ट्स राजस्थान जूनियर एवं सब-जूनियर स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में 18 से 20 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में तानिया ने 100 मीटर, 200 मीटर और लंबी कूद–तीनों इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया।

तानिया, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विक्रमपुरा में कक्षा 12 की छात्रा हैं। इससे पहले भी उन्होंने बैंगलुरु में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तीनों इवेंट्स में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की है ।

तानिया की उपलब्धि पर विद्यालय में गुरुवार को स्वागत समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा, विद्यालय विकास समिति अध्यक्ष प्रकाश चंद्र मीणा, प्रधानाचार्य नारायणलाल धाकड़ सहित विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी ने बालिका उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## QUICK BITES

### शोभालाल बने राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के उपाध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली की अनुशंसा पर प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली ने राजपुरा मालीखेड़ा, मांडल निवासी शोभालाल माली को जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

महासभा ने शोभालाल माली को निर्देशित किया है कि वे शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी के गठन में सहयोग प्रदान कर प्रदेश मुख्यालय को सूचित करें। उनकी नियुक्ति से समाजजनों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

### बिजोलिया में चालीसवें का मोहर्रम, निकला अखाड़ा प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया





कस्बे में मुस्लिम समाज ने गुरुवार को चालीसवें का मोहर्रम मनाया। दिनभर कस्बे में अखाड़ा प्रदर्शन और ताजिये के जुलूस से माहौल धार्मिक रंग में सराबोर रहा।

कार्यक्रम के तहत छोटी मस्जिद से मुक़ाम निकाला गया, जो मुख्य मार्ग सदर बाजार, पंचायत चौराहा, सब्जी मंडी मार्ग और तेजाजी का चौराहा होते हुए मंडोल बांध पहुँचा। यहां परंपरा अनुसार ताजिये को ठंडा किया गया।

मोहर्रम पर बेगू, सिंगोली, भीलवाड़ा और मांडलगढ़ सहित आसपास के शहरों से लोग बड़ी संख्या में बिजोलिया आए और अखाड़ा प्रदर्शन कर कौशल का प्रदर्शन किया।

### आकोला में 30 अगस्त से होगी 69वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्र वॉलीबॉल प्रतियोगिता

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**जसवंत पारिक ।** 69वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्र वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 30 अगस्त से कस्बे में किया जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए ग्रामवासी, विद्यालय स्टाफ और पंचायत प्रतिनिधि मिलकर तैयारियों में जुट गए हैं।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आकोला की प्रिंसिपल मनीषा पारीक ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर विद्यालय प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें ग्रामवासियों, विद्यालय स्टाफ और ग्राम पंचायत प्रशासक से सुझाव लिए गए तथा विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में प्रशासक शिवलाल जाट, समाजसेवी जमनालाल जोशी, गंगाधर व्यास, कुंजबिहारी पाराशर, कृष्णगोपाल आचार्य, सत्यनारायण काबरा, भैरूलाल जाट, प्रियदर्शी पारीक, पूर्व सरपंच हेमलता उपाध्याय, चांदमल डाड, जगदीश बांगड़, विकास पाराशर, बबलू भाट सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।